




# डीपीएस का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल का वार्षिक कार्यक्रम शनिवार को स्कूल परिसर में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में आरके मिशन आश्रम, आसनसोल के सचिव स्वामी सुखानंद महाराज के साथ स्कूल मैनेजिंग ट्रस्ट के मंजू गोयनका व प्रतीक गोयनका, प्रिंसिपल (प्रभारी) बिदीशा चटर्जी आदि उपस्थित थे. मुख्य अतिथि स्वामी सुखदानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये. कार्यक्रम में आये अतिथियों ने अपने संबोधन में शिक्षा का महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संसार में सफलता के लिए शिक्षा अति आवश्यक है. इसलिए बच्चों को पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पढ़ाई करनी चाहिए. कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य, गीत व नाटक प्रस्तुत किया गया.